# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 10.07.2026**

## थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 अभियुक्तों को चोरी किये गये सामान के साथ किया गया गिरफ्तार।

## अभियुक्तों के कब्जे से 19 फीट लम्बा ट्रांसफार्मर कॉइल का तार, 01 तार काटने वाला प्लास व 02 रिंच बरामद।

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में चोरी की घटना की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 11.05.2026 को थाना मंगलपुर पर वादी श्री उमाकांत सिंह जूनियर इंजीनियर, झींझक विद्युत उपकेंद्र, जनपद कानपुर देहात द्वारा झींझक पुल के पास नहीली बंबा पर ट्रांसफॉर्मर की कॉइल (तार) चोरी के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 115/2025 धारा 305(ई) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसमें साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.रोशन उर्फ हैप्पी पुत्र रमेशचन्द्र निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज, उम्र 26 वर्ष तथा 2.सूरज पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम उसरी थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, वर्तमान पता बौध्द नगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज उम्र करीब 21 वर्ष को आज दिनांक 10.07.26 को थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर खम्हैला गांव के पास नहर पुल पर चैकिंग के दौरान बिजली की कॉइल, 01 तार काटने वाला प्लास, 02 रिंच व 01 मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस नं0 यूपी 74 एपी 2814 (अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज) के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-**

1. रोशन उर्फ हैप्पी पुत्र रमेशचन्द्र निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज, उम्र 26 वर्ष।
2. सूरज पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम उसरी थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात व वर्तमान पता बौध्द नगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज उम्र करीब 21 वर्ष।

**पूछताछ का विवरण** – अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि ट्रॉन्सफार्मर की कॉइल का तार व प्लास, रिंच जो आपने हमसे बरामद किये हैं, उसमें से कॉइल के तार को खोलने के लिए प्लास व रिंच हम अपने साथ में रखते है। हम दोनों ने मिलकर दिनांक 09/05/2026 की रात्रि में नहली बंबा के पास बिजली के रखे ट्रांसफार्मर से तार हटा कर ट्रांसफार्मर को खोल कर कॉइल का तार चोरी किया था तथा कॉइल का तार निकालने के बाद में कॉइल को नहर में फेंक दिया था तथा एक कॉइल वहीं तार निकालते समय झाड़ियों में छूट गई थी और निकाले हुये तार को हम दोनों लेकर चले गये थे। जिसे राह चलते व्यक्ति को बेच दी थी, जो एक कॉइल वहीं पर छूट गयी थी, उसी का तार निकाल कर ले जाने के लिए हम लोग आये थे और कॉइल का तार निकाल कर कॉइल को नहर में फेंक दिया था और तार ले जा रहे थे कि आपने हमें पकड़ लिया।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 19 फीट लम्बा ट्रांसफार्मर कॉइल का तार, 01 तार काटने वाला प्लास व 02 रिंच।
2. 01 मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस यूपी 74 एपी 2814 (अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज)

**अभियुक्त रोशन उर्फ हैप्पी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 633/2023 धारा 380/411/413/457 भादवि0 थाना कोतवाली तिर्वा जनपद कन्नौज।
2. मु0अ0सं0 29/2024 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना कोतवाली तिर्वा जनपद कन्नौज।
3. मु0अ0सं0 159/24 धारा 379/411 भादवि0 थाना कोतवाली तिर्वा जनपद कन्नौज।
4. मु0अ0सं0 481/24 धारा 380/411/413/457 भादवि0 थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज।
5. मु0अ0सं0 71/25 धारा 25/27/3/5/7(c) आयुध अधि0 कोतवाली तिर्वा जनपद कन्नौज।
6. मु0अ0सं0 703/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज।
7. मु0अ0सं0 104/25 धारा 25/3 आयुध अधि0 थाना सवायजपुर जनपद हरदोई।
8. मु0अ0सं0 291/24 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना दिबियापुर जनपद औरैया।
9. मु0अ0सं0 115/2026 धारा 305(ई)/317(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त सूरज उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 115/2026 धारा 305(ई)/317(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री संजय कुमार सिंह
2. हे0कां0 235 मो0 मुख्तार हुसैन
3. कां0 107 संतोष कुमार
4. रि0कां0 861 कृष्ण